parag

AN INITIATIVE OF
TATA TRUSTS

लाइब्रेरी एजुकेटर सर्टिफिकेट कोर्स

हिंदी

मई से नवम्बर 2017

पराग का लायब्रेरी एजुकेर्स कोर्स (एलईसी) लायब्रेरियनों, अध्यापकों और बच्चों और किताबों के साथ काम करने वालों के लिए देश में अपनी तरह का पहला प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स है।

कोर्स विवरण

एलईसी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इससे लायब्रेरी कर्मी –

- लायब्रेरी को सभी प्रकार के पाठ्यचर्यात्मक क्षेत्रों, खासतौर से पठन एवं उससे मिलने वाले आनंद की साझा परिधि के रूप में देख सकें,
- वे अपने बच्चों, स्कूल और समुदाय की संदर्भ आधारित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्षम और संवेदनशील बनें, तथा
- बाल साहित्य और उससे जुड़ने के तरीकों की समझ हासिल कर सकें

एल इ सी 2017 में कोर्स का तीसरा बैच चलाया जाएगा.

एल ई सी का क्या प्रयास है?

बच्चों के लिए साहित्य को सजीव बनाने की समझ विकसित कर पाना

किताबों से जुड़ाव पैदा करने की क्षमता विकसित करना

किताबों से संबंधित सार्थक गतिविधियां चलाने के अनुभव

बढ़िया और स्तरीय साहित्य चुनने का मार्गदर्शन

लाइब्रेरी एजुकेटरस के व्यापक समुदाय से जुड़ पाना

बच्चों व अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित करना

बच्चों की विविध रुचियों को समझने की क्षमता विकसित कर पाना

विषय संबंधी अधिगम में योगदान के लिए लायब्रेरी का इस्तेमाल समझना

लायब्रेरी को एक लोकतांत्रिक परिधि के रूप में देखना

कौशल व समझदारी में सुधार

कोर्स के उद्देश्य

कोर्स पूर्ण होने के उपरांत यह उम्मीद रख सकते हैं, की सभी प्रतिभागी:

1. बाल साहित्य में विविधिता व विभिन्नता को ध्यान में रखते हुए, लाइब्रेरी संग्रह को स्थापित व विकसित कर पायेंगे
2. किताबों से जुड़ाव को विकसित व स्थापित करने के लिए लाइब्रेरी प्रोग्राम की योजना तैयार कर उसे लागू कर पायेंगे
3. बच्चों के पाठक बनने के सफ़र व उसमे एक लाइब्रेरियन के योगदान की समझ को गहन रूप से विकसित कर पायेंगे
4. लाइब्रेरी के संचालना व उसमे सहभागिता के आयाम की पहल कर पायेंगे
5. लाइब्रेरी की परिकल्पना को व्यवसायिक ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर भी विकसित कर पायेंगे
6. लाइब्रेरी कार्य के महत्वपूर्ण तत्वों को पहचान उनमे लगातर नयापन लाने की कोशिश कर, लाइब्रेरी की जीवंतता को बनाये रखेंगे

कोर्स मोड्यूल

कोर्स के मोड्यूल गहन अध्ययन उपरांत 4 यूनिट्स के तेहत तैयार किये गए हैं जिनमे शामिल हैं.

- यूनिट 1: पुस्तकालय की परिकल्पना
  शिक्षा के उद्देश्यों के संदर्भ में लायब्रेरी के महत्व को पहचानना, एक सजीव लायब्रेरी की परिकल्पना विकसित करना, लायब्रेरी में एक लगाव भरे वातावरण के महत्व को समझना

- यूनिट 2: पाठक बनने की ओर
  दुनिया को पढने से पठन में बच्चों के प्रवेश और भूमिका को समझना, पठन का सामजिक, सांस्कृतिक पहलु समझना, भाषा और पठन के सम्बन्ध को समझना

- यूनिट 3: बाल साहित्य के साथ जुड़ाव:
  साहित्य संग्रह में विविधिता के महत्व को समझना, साहित्य विधाओं व उनके वर्गीकरण को समझ साहित्य संग्रह की समझ का विकास.

- यूनिट 4: जीवंत पुस्तकालय
  सभी यूनिट्स को साथ लेकर ताज़ा विचारों को पढने के आनंद व पुस्तकालय में भागीदारी के पहलुओं को मज़बूत करने की समझ और रणनीति विकसित करना.

कोर्स की रूपरेखा

- एक बैच में 30 सहभागी होंगे
- अध्यापन का माध्यम और संसाधन सामग्री की भाषा हिंदी होगी
- यह कोर्स एक मिश्रित पद्धति से चलाया जाएगा - कुल 13 दिन की अवधि वाले 3 कांटेक्ट पीरियड यानी प्रत्यक्ष अध्यापन के दिन होंगे। इनके बीच में डिस्टेंस लर्निंग की अवधि होगी जिनके दौरान सहभागी कोर्स के लिए चुनी गयी पाठ्य सामग्री पढ़ेंगे और अपने असाइनमेंट्स व फील्ड प्रोजेक्ट पर काम करेंगे
- सहभागियों को प्रत्येक 15 दिन में एक या दो बार फोन कॉल/ईमेल/स्काइप के जरिए सतत मेंटरिंग सहायता प्रदान की जाएगी। कोर्स के दौरान मेंटर के साथ कम से कम एक व्यक्तिगत मीटिंग होगी
- 3 - 6 सहभागियों के प्रत्येक समूह के लिए एक मेंटर होंगे
- डिस्टेंस अवधि के दौरान कोर्स फैकल्टी तथा अन्य सहभागियों के बीच ईमेल/मूडल जैसे ऑनलाइन डिस्कशन फोरम के माध्यम से नियमित संपर्क व संवाद के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे
- कांटेक्ट पीरियड में व्यावहारिक और सैद्धांतिक चर्चाओं के साथ व्यावहारिक अनुभव के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे
- सहभागियों को प्रत्येक कांटेक्ट सत्र में चुनिंदा बाल साहित्य के एक समृद्ध संग्रह को समझने के अवसर तथा एक कोर्सबुक भी मुहैया करायी जाएगी

कोर्स फैकल्टी

कोर्स फैकल्टी, बाल साहित्य और लाइब्रेरी कार्यक्रमों में सक्रियता से शामिल लोगों का एक गुट है. कोर्स फैकल्टी, इस कोर्स में मेंटर के रूप में भी सहयोग करेंगे और अन्तराल अवधि के दौरान भी कोर्से में भागीदारी और जुड़ाव तथा सैधांतिक और प्रायोगिक समझ को लगातार विकसित करने के लिए प्रयासरत रहेंगे. इनके अलावा हम ऐसे खास व्यक्तियों को भी गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमत्रित करते हैं जिनका लाइब्रेरी एजूकेशन के कार्यक्षेत्र में विशेष योगदान है.

यह कोर्स किसके लिए है?

यह कोर्स ऐसे सभी कर्मियों के लिए उपलब्ध है जो बच्चों के बीच काम कर रहे हैं और प्रिंट माध्यम की मदद से बच्चों की अधिगम प्रक्रिया में योगदान देना चाहते हैं।

इसके अलावा आवेदकों को निम्नलिखित अपेक्षाओं का भी खयाल रखना होगा:

- आपके पास लायब्रेरी कार्य के साथ व्यावहारिक जुड़ाव के लिए गहरी रुचि, प्रतिबद्धता और अवसर हों
- आप हिंदी में कोर्स रीडिंग्स और असाइनमेंट्स को पूरा करने में सक्षम हों
- आप देवनागरी लिपि में टाइपिंग जानते हों क्योंकि इस कोर्स के लिए असाइनमेंट्स तथा ऑनलाइन डिस्कशन फोरम में होने वाली चर्चाएं हिंदी में ही टाइप करके भेजनी होंगी
- आप कोर्स को पूरा करने के लिए हर हफ्ते लगभग दस घंटे का समय देने को तैयार हों (मेंटर के साथ संवाद सहित)
- आप प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए स्वाध्याय करने और समय का निवेश करने में विश्वास रखते हों

मूल्यांकन

कोर्स में प्रतिभागियों के मूल्यांकन हेतु कोर्स के विभिन्न आयामों को पूर्ण करना आवश्यक है तथा हर आयाम पर निम्न वेटेज लागू होगा:

कांटेक्ट अवधि में सहभागिता: 20 %
ऑनलाइन चर्चाओं में सहभागिता: 20 %
असाइनमेंट: 40 %
फील्ड प्रोजेक्ट: 20 %

साथ ही समय-समय पर मेंटर फीडबैक भी लिया जाएगा.

पराग कार्यक्रम के बारे में

पराग टाटा ट्रस्ट का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम बच्चों की किताबों तक पहुंच और उपलब्धता को सुगम बनाने और साहित्य को हर बच्चे के बचपन का अभिन्न अंग बनाने के लिए समर्पित है। भारतीय भाषाओं की बाल पुस्तकों और बाल साहित्य के विकास व प्रसार में मदद देना इस कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य है। अपने साझीदारों की मदद से यह कार्यक्रम लायब्रेरियों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत है ताकि किताबों के साथ बच्चों का सार्थक जुड़ाव कायम किया जा सके और और फलस्वरूप उनकी साक्षरता व अधिगम में मदद मिले। हम चाहते हैं कि लायब्रेरियन अध्यापक और लायब्रेरी एजुकेटर्स लायब्रेरी को एक खुली, सक्रिय और रचनात्मक जगह के रूप में देखें। इससे बच्चों में पढ़ने और सीखने के प्रति आजीवन रुचि पैदा करने में भी मदद मिलेगी। इसी बात का ध्यान में रखते हुए पराग कार्यक्रम के तहत लायब्रेरी कर्मियों के लिए उपयुक्त क्षमतावर्धन कार्यक्रम और मोड्यूल तैयार किये गए हैं।

parag

AN INITIATIVE OF
TATA TRUSTS

फीस और आर्थिक सहायता

- सब्सिडी युक्त कोर्स फीस 25000 रुपये है। इसमें कांटेक्ट पीरियड के दौरान रहने और खाने-पीने का खर्चा शामिल है। सभी सहभागियों को तीनों कांटेक्ट पीरियड्स का यात्रा व्यय खुद वहन करना होगा।
- कोर्स फीस दो किस्तों में अदा की जा सकती है। 15000 रुपये की पहली किस्त 15 मई 2017 तक और 10000 रुपये की दूसरी किस्त 15 अगस्त 2017 तक अदा की जा सकती है। भुगतान प्रक्रिया का पूरा ब्यौरा चयनित आवेदकों को भेज दिया जाएगा।
- मेरिट और साधनों की उपलब्धता के आधार पर अर्हता रखने वाले आवेदकों को कुछ आंशिक छात्रवृत्तियां भी दी जाएंगी। इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन हेतु आवेदन फॉर्म का संबंधित भाग भर कर भेजें।

सर्टिफिकेट

इस कोर्स के दौरान सहभागियों को चर्चा व समीक्षाओं में सहभागिता करनी होगी, असाइनमेंट और फील्ड प्रोजेक्ट समय पर जमा कराने होंगे और उन सभी के मूल्यांकन के आधार पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। सभी कांटेक्ट सत्रों में हाजिरी अनिवार्य है मगर केवल हाजिरी पूरी करने से अभ्यर्थी सर्टिफिकेट के हकदार नहीं होंगे।

अवधि और समय सारणी

यह सात महीने का कोर्स है जो **22 मई 2017** से शुरू होगा और हर कांटेक्ट अवधि **भोपाल, मध्य प्रदेश** में आयोजित की जायेगी.

मई

M	T	W	T	F	S	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
16	17	18	19	20	21	22
22	23	24	25	26	27	28
29	30	31				

पहला कांटेक्ट पीरियड (6 दिन)
22 से 27 मई

जून

M	T	W	T	F	S	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30		

असाइनमेंट 1 जमा
18 जून

JULY

M	T	W	T	F	S	S
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30
31						

असाइनमेंट 2 जमा
19 जुलाई

अगस्त

M	T	W	T	F	S	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

फील्ड प्रोजेक्ट प्रस्ताव जमा
15 अगस्त

दूसरा कांटेक्ट पीरियड (4 दिन)
20 से 23 अगस्त

सितंबर

M	T	W	T	F	S	S
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	

असाइनमेंट 3 जमा
24 सितंबर

अक्टूबर

M	T	W	T	F	S	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30	31					

असाइनमेंट 4 जमा
15 अक्टूबर

नवंबर

M	T	W	T	F	S	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30			

फील्ड प्रोजेक्ट प्रस्ताव जमा
5 नवंबर

तीसरा कांटेक्ट पीरियड (3 दिन)
22 से 24 नवंबर

सप्ताह	विवरण	तारीख
सप्ताह 1	पहला कांटेक्ट पीरियड (6 दिन)	22 से 27 मई 2017
सप्ताह 2 से 13	स्वाध्याय अवधि (12 सप्ताह)	• असाइनमेंट 1 जमा करने की तारीख: 18 जून • असाइनमेंट 2 जमा करने की तारीख: 9 जुलाई • फील्ड प्रोजेक्ट प्रस्ताव जमा करने की तारीख – 15 अगस्त
सप्ताह 14	दूसरा कांटेक्ट पीरियड (4 दिन)	20 से 23 अगस्त 2017
सप्ताह 15 से 26	स्वाध्याय अवधि (13 सप्ताह)	• असाइनमेंट 3 जमा करने की तारीख: 24 सितंबर • असाइनमेंट 4 जमा करने की तारीख: 15 अक्टूबर • फील्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा कराने की अंतिम तारीख: 5 नवंबर
सप्ताह 27	तीसरा कांटेक्ट पीरियड (3 दिन)	22 से 24 नवंबर 2017

आवेदन प्रक्रिया

कोर्स आवेदन फॉर्म www.libraryeducators.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

अपना टाइप किया हुआ एप्लीकेशन फॉर्म अंतिम तारीख तक parag@tatatrusts.org को भेजें।

अगर आप आंशिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन देना चाहते हैं तो कोर्स एप्लीकेशन फॉर्म में इस बात का उल्लेख करें।

कृपया ध्यान दें कि एप्लीकेशन की हार्ड कॉपी या स्केन की गयी कॉपी स्वीकार्य नहीं होगी।

आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख:
10 मार्च 2017

वेबसाइट : www.libraryeducators.in
ईमेल: parag@tatatrusts.org
फ़ोन: 76758 19507